
भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE








उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

DT 477449

## न्यास पत्र

हम कि श्याम लाल चौधरी पुत्र हरिद्वार चौधरी निवासी ग्राम–भोयर(चकदहा) पोस्ट–कलवारी, तहसील व जिला बस्ती वर्तमान निवासी आनन्द नगर कटरा, पोस्ट गाँधीनगर, तहसील व जिला बस्ती। श्रीमती शोभा चौधरी पत्नी श्याम लाल चौधरी निवासी ग्राम–भोयर(चकदहा) पोस्ट–कलवारी, तहसील व जिला बस्ती वर्तमान निवासी आनन्द नगर कटरा, पोस्ट गाँधीनगर, तहसील व जिला बस्ती एवं अद्या प्रसाद चौधरी पुत्र बुद्धू लाल चौधरी निवासी ग्राम–भोयर(चकदहा) पोस्ट–कलवारी, तहसील व जिला बस्ती के है।

विदित हो कि हम मुकिरान समाज के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षिक विकास हेतु निरन्तर कार्य करते है तथा हम मुकिरान के मन मस्तिष्क में अपने व्यक्तिगत कार्यो के साथ–साथ राष्ट्र एवं समाज हित का चिन्तन बना रहता है। साधनहीन व्यक्तियों को जीवन की मूल–भूत आवश्यकताएं, भोजन, शिक्षा, उत्तम स्वास्थ्य व आवास की व्यवस्था उपलब्ध कराने तथा शिक्षित बेरोजगार में उद्यमिता का विकास कर उनके योग्यता एवं शिक्षा के अनुरूप तकनीकी, प्राविधान व व्यवहारिक ज्ञान प्रदान कर उन्हें रोजगार का अवसर उपलब्ध कराने के साथ ही साथ मेधावी प्रतिभा सम्पन्न छात्रों को अपने देश में अथवा देश के बाहर उच्च शिक्षा हेतु सहायता उपलब्ध कराने के लिए हम मुकिरान प्रयासरत है और इस दिशा में भानमती देवी ग्लोबल एकडेमी (बी0डी0ग्लोबल एकेडमी) के नाम से ग्राम अकसड़ा, पोस्ट बेइली, तहसील व जिला बस्ती में कान्वेन्ट स्कूल चला रहे है किन्तु कभी–कभी विद्यालय का

शोभा चौधरी अद्याप्रसाद चौधरी

Principal
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

Manager
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL





उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

DT 488101

संचालन में आर्थिक कठिनाईयां आ जाती है इसलिए इसे दूर करने के लिए भानमती देवी ग्लोबल एकेडमी (बी0डी0ग्लोबल एकेडमी) की प्रबन्ध समिति द्वारा सर्वसम्मत से निर्णय लिया विद्यालय की उन्नित तथा जनहित के अन्य उक्त कार्यो को सुचारू रूप से संचालित करने तथा उससे लोगों को अधिकाधिक लाभ प्रदान करने के लिये विभिन्न विधाओं में समाज को शिक्षित किये जाने की आवश्यकता को देखते हुये विभिन्न संस्थाओं का गठन किया जाना आवश्यक पाकर इसकी सम्पूर्ण व्यवस्था के लिये हम मुकिरान द्वारा एक कल्याणकारी न्यास/ट्रस्ट की स्थापना की जा रही है। हम मुकिरान द्वारा अपने उक्त प्रकार के कार्यो को सम्पन्न करने के लिये तथा इस हेतु आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था के बावत 25,000/–(पच्चीस हजार) रूपये का एक न्यास कोष स्थापित किया गया है और आगे भी इस न्यास कोष में विभिन्न उपायों से धन व चल–अचल सम्पत्ति की हम व्यवस्था करते रहेगें। हम मुकिरान ने अपने द्वारा स्थापित उक्त ट्रस्ट की प्रबन्ध व्यवस्था एवं प्रशासन के बावत एक न्यास पत्र को भी निष्पादित किया है जिसकी व्यवस्था निम्न रूपेण की जायेगी :–

1. यह कि हम मुकिरान द्वारा स्थापित ट्रस्ट का नाम भानमती देवी ग्लोबल एजूकेशन ट्रस्ट होगा, जिसे न्यासपत्र में आगे "न्यास" अथवा "ट्रस्ट" शब्द से सम्बोधित किया गया है।
2. यह कि हम मुकिरान द्वारा स्थापित उक्त ट्रस्ट का कार्यालय आनन्द नगर कटरा दीवानी कचेहरी के पीछे पोस्ट गाँधीनगर, तहसील व जिला बस्ती में स्थित होगा। उक्त ट्रस्ट के

Principal
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

Manager
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

DT 488102

कार्य को सुचारू रूप से सम्पादित करने तथा इसके उद्देश्यों की सुगम प्राप्ति के बावत इसके अन्य कार्यालयों की भी आवश्यकतानुसार स्थापना की जायेगी और उनके कार्यालयों के पते पर न्यास मजकूर द्वारा गठित की जाने वाली संस्थाओं व समितियों व समितियों का पंजीकरण सुसंगत अधिनियमों के अन्तर्गत कराया जा सकेगा।

3. यह कि हम मुकिरान न्यास मजकूर के संस्थापक होगें तथा प्रथमपक्ष श्याम लाल चौधरी प्रबन्धक/सचिव द्वितीयपक्ष श्रीमती शोभा ट्रस्ट के अध्यक्ष व तृतीय पक्ष अद्या प्रसाद चौधरी के कोषाध्यक्ष होगें और सम्मिलित रूप से हम मुकिरान को ट्रस्ट का मुख्य ट्रस्टी भी कहा जायेगा। हम मुकिरान द्वारा ट्रस्ट के संचालन व व्यवस्था के लिये निम्नलिखित व्यक्तियों जो ट्रस्ट उद्देश्यों के अनुसार ट्रस्ट के हित में ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में कार्य करने को सहमत है, को ट्रस्ट का न्यासी/ट्रस्टी नामित किया जाता है। इस प्रकार नामित व्यक्तियों को ट्रस्ट का ट्रस्टी कहा जायेगा भविष्य में हम मुकिरान द्वारा आपसी सहमति से ट्रस्ट के उद्देश्यों की सुगम प्राप्ति हेतु अन्य ट्रस्टियों तथा मुख्य ट्रस्टी जो कि प्रथमपक्ष, द्वितीयपक्ष व तृतीयपक्ष के है, को संयुक्त रूप से न्यास मण्डल/ट्रस्टमण्डल कहा जायेगा। ट्रस्ट की स्थापना के समय हम मुकिरान द्वारा ट्रस्टी के रूप में निम्नलिखित व्यक्तियों को नामित किया गया है:–

1. पुष्टम वर्मा पत्नी श्री अद्या प्रसाद चौधरी, ग्राम भेयर, पोस्ट कलवारी, तहसील व जिला बस्ती।

शोभा चौधरी अद्याप्रसाद चौधरी



Principal
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

Manager
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

DT 488103

2. गोविन्द चौधरी पुत्र श्री श्याम लाल चौधरी ग्राम भोयर (चकदहा) पोस्ट कलवारी, तहसील व जिला बस्ती।
3. पूनम गुप्ता पत्नी श्री गोविन्द चौधरी ग्राम भोयर (चकदहा) पोस्ट कलवारी, तहसील व जिला बस्ती।

4. यह कि हम मुकिरान द्वारा " भानमती देवी ग्लोबल एजूकेशनल ट्रस्ट" के नाम से जिस ट्रस्ट की स्थापना की जा रही है उसकी स्थापना का मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित है:–

1. मुकिरान तथा ट्रस्टियों द्वारा पूर्व से संचालित भानमती देवी ग्लोबल एकडमी अकसड़ा पोस्ट बेइली, तहसील व जिला बस्ती के सुचार रूप से संचालन हेतु आर्थिक संसाधन उपलब्ध कराना।
2. समाज के आर्थिक सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक विकास हेतु अन्य शैक्षिक संस्थाओं की स्थापना एवं संचालन हेतु कार्य करना।
3. शिक्षा एवं जीवनोंपयोगी ज्ञान का प्रचार–प्रसार करना और हम जनता में चेतना जागृत कर उन्हे शिक्षा एवं रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण शिक्षा देकर निर्भर बनाना तथा प्रतिभासम्पन्न मेधावी छात्रों को देश–विदेश में उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक सहयोग करना।
4. नव–युवक, नव–युवतियों व छात्र छात्राओं को रचनात्मक दिशा देना एवं उनके सर्वागणीय विकास हेतु सेकेन्ड्री व स्नातक, स्नात्तकोत्तर स्तर के विद्यालयों एवं

शोभा चौधरी



Principal
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

Manager
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH DT 488104

महाविद्यालयों तथा रोजगारपरक व्यवसायिक शिक्षा संस्थाओं की स्थापना कर उनका संचालन करना।

5. शिक्षा प्रचार–प्रसार तथा देश के किसी क्षेत्र में सामान्य शिक्षा, तकनीक, गौर तकनीकी शिक्षा, विधि शिक्षा, शिक्षा–प्रशिक्षण हेतु महाविद्यालय स्थापित करना तथा इसके सम्बन्ध में गठित सांविधिक निकायों/विश्वविद्यालयों व बार काउन्सिल ऑफ इण्डिया तथा एन0सी0टी0ई0 इत्यादि से नियमानुसार मान्यता व सम्बद्धता प्राप्त कर नियमानुसार पाठ्यक्रम का संचालन करना।
6. वर्तमान समय में विज्ञान के जन–जीवन का आवश्यक एवं अनिवार्य अंग होने की स्थिति को देखते हुये तथा जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को सूचना विज्ञान एवं कम्प्यूटर तकनीकी पर आधारित होने के कारण उससे सम्बन्धित ज्ञान को प्रशिक्षणार्थियों को अत्याधिक टेक्नालजी के माध्यम से उपलब्ध कराना।
7. युवाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिये विभिन्न प्रकार के व्यावसायिक ट्रेनिंग जैसे सिलाइ, कढ़ाई, बुनाई, स्क्रीनिंग, पेन्टिंग, इलेक्ट्रानिक वायरमैन डीजल एवं मोटर मैकेनिक रेडियों एवं टी0वी0, टाइपिंग, शार्टहैण्ड कम्प्यूटर फाइन आर्ट, संगीत कुकिंग/बेकरी एवं मशरूम उद्योग प्रशिक्षण डाइटिंग प्रशिक्षण आदि केन्द्रों की स्थापना व प्रबन्धन करना।
8. खाद्य प्रसंस्करण तथा फल संरक्षण का प्रशिक्षण देना।



Principal
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

Manager
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

DT 488105

9. युवाओं के लिए विभिन्न प्रकार के अन्य उपयोगी प्रशिक्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम कुकिंग कला, निबन्ध तथा खेल–कूद आदि का आयोजन प्रतियोगिता करना।
10. विभिन्न सरकारी चयोजनाओं एवं परियोजनाओं को क्रियान्वित कर गूंगे बहरे, अन्धे एवं मानसिक रूप से कमजोर बच्चों विकलांग युवाओं तथा गरीब निराश्रित अनाथ बच्चों एवं युवाओं के लिये विद्यालय, छात्रावास एवं भोजन, बस्त्र की व्यवस्था करना।
11. वृद्धो के लिये विश्राम केन्द्र अथवा पुनर्वास केन्द्र की स्थापना करना।
12. महिला संरक्षण गृह/विधवा पुनर्वास केन्द्र की स्थापना व संचालन करना।
13. सामुदायिक विकास कार्यक्रम को बढ़ावा देना तथा परामर्श केन्द्र बारात घर, धर्मशाला, सुलभ शौचालय, पुस्तकालय, खेल मैदान, योग प्रशिक्षण केन्द्र, वालीबाल, ड्रामा स्टेज, प्रशिक्षण हाल एवं अन्य प्रशिक्षण संस्था की स्थापना एवं प्रबन्धक करना।
14. घरेलू उद्योग को बढ़ावा देने तथा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये डेयरी उद्योग, रेशम उद्योग, मधुमक्खी पालन, मुर्गी पालन, तथा इनसे सम्बन्धित बीमारियों की जानकारी, टीकाकरण के लिये युवाओं को प्रशिक्षण एवं साधन सम्पन्न कराना।
15. नशा के सेवन से छुटकारा पाने के लिए नशामुक्ति चिकित्सालय की व्यवस्था करना।
16. समाज में व्याप्त बुराईयों, अन्ध–विश्वास, बाल विवाह, दहेज प्रथा, बाल शोषण बाल श्रम, महिला शोषण लिड.–भेद, अस्पृश्यता स्वैच्छिक भावना के ह्रास को दूर करना तथा इसके लिये जागरूकता/प्रशिक्षण की व्यवस्था करना।

शोभा चौधरी



Principal
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

Manager
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

DT 488106

17. सामूहिक विवाह तथा सामूहिक भोज को बढ़ावा देना।
18. विभिन्न प्रकार के खेलों को बढ़ावा देना तथा प्रत्येक स्तर पर उनका प्रशिक्षण तथा प्रतियोगिता कराना।
19. एड्स, कैन्सर, हेपेटाइटिस जैसे रोगों की रोकथाम/जागरूकता/उपचार की सुविधा उपलब्ध कराना तथा जन सामान्य के लिए होमियापैथिक, आयुर्वेदिक एवं एलोपैथिक मेडिकल कालेज व पैरामेडिकल, महाविद्यालय तथा प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना व संचालन करना।
20. सरकार की सहायता से गांवों एवं शहरों के विकास हेतु पेयजल, शौचालय नाली, सड़क निर्माण, पार्क, शिविर एवं भवन निर्माण की व्यवस्था करना।
21. कृषि उद्योग को बढ़ावा देने के लिये नये–नये वैज्ञानिक तकनीक का उपयोग कराना तथा नये–नये शोधित बीजों को उगाने तथा उनसे सम्बन्धित बीमारियों की जानकारी देने तथा सुरक्षा के लिये आग लोगों तथा किसानों को प्रशिक्षण करना।
22. प्राकृतिक आपदा की दशा में प्रभावित लोगों की सहायता करना।
23. पंचायती राज एवं उपभोक्ता संरक्षण के बारे में जानकारी तथा अन्य सामान्य ज्ञान व कानूनी जागरूकता के लिये काउन्सिलिंग केन्द्रों की स्थापना करना।
24. गरीब लोगों विशेषकर महिलाओं के कानूनी सामाजिक, आर्थिक या चिकित्सकीय सुविधा अथवा सहायता के लिये उपलब्ध करना।

7

Principal
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

Manager
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

DT 488107

25. उन समस्त योजनाओं को क्रियान्वित करना जो समाज कल्याण हेतु राज्य सरकार अथवा भारत सरकार द्वारा अनुदानित है तथा जिनकों विभिन्न विभागों व एन0जी0ओ0 के माध्यम से चलाया जा रहा है।
26. अन्य सरकारी एन0जी0ओ0, एसोसियेशन, ट्रस्ट के क्रिया–कलापों में सहयोग देना।
27. सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थाओं/तंत्रों/कम्पनी/दुकानों से आर्थिक सहायता लेकर संस्था के उद्देश्य कर पूर्ति करना।
28. ट्रस्ट के उद्देश्य की प्राप्ति के लिये इसके शाखा को खोलना तथा इसके क्रिया–कलापों को आवश्यकतानुसार अन्य जिला/प्रदेशों में स्थापित करना।
29. सरकारी, अद्ध सरकारी अथवा गैर सरकारी बैंकों से संस्था के उद्देश्य की पूर्ति के लिये ऋण व सहायता प्राप्त करना।

5. <u>न्यास मण्डल के अधिकार एवं कर्तव्यः–</u>

1. समान उद्देश्यीय संस्थाओं व ट्रस्टों से सहयोग एवं सम्पर्क स्थापित करना तथा राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार से सहायता प्राप्त करना।
2. ट्रस्ट के उद्देश्य की पूर्ति तथा इसके विभिन्न ईकाइयों की सुचारू व्यवस्था के लिये अन्य संस्थाओं की स्थापना करना तथा इसके लिये समितियों एवं उपसमितियों का गठन करना।

शोभा चौधरी

Principal
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

Manager
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रुपये रु.50

FIFTY RUPEES Rs.50

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH 728326

3. ट्रस्ट के अधीन संस्थाओं व समितियों के सुचारू रूप से संचालन के लिये समिति पंजीकरण अधिनियम के अनुसार उनकी अलग नियमावली बनाना।
4. ट्रस्ट के अधीन स्थापित संस्थाओं व समितियों की सदस्यता के लिये विभिन्न प्राविधानों को लिखित रूप में तैयार करना और इसके लियेधन की व्यवस्था हेतु सदस्यता शुल्क, दान, चन्दा प्राप्त करना तथा उनकी प्रबन्ध इकाईयां गठित करना।
5. ट्रस्ट के अधीन चलने वाली संस्थाओं को संचालित करने एवं उनकी व्यवस्था के लिये लाभार्थियों से शुल्क प्राप्त करना।
6. ट्रस्ट की सम्पत्ति की देख–भाल करना तथा ट्रस्ट की सम्पत्ति को बढ़ाने के लिये प्रयास करना और आवश्यकता पड़ने पर ट्रस्ट की सम्पत्ति को नियमानुसार हस्तान्तरित करना व अन्य प्रकार से उसकी व्यवस्था करना।
7. ट्रस्ट के अधीन स्थापित संस्थाओं व गठित समितियों में अनियमितता की स्थिति उत्पन्न होने तथा किन्ही आकस्मिक स्थिति में उसकी संचालन गठित समिति को भंग कर उसकी सम्पूर्ण व्यवस्था ट्रस्ट में निहित करना।
8. ट्रस्ट के कार्यो के लिए आवश्यकतानुसार ट्रस्ट के अधीन स्थापित एवं संचालित संस्थाओं, विद्यालयों, चिकित्यालयों, व अन्य समस्त समितियों के लिये आवश्यक कर्मचारियों की नियुक्ति करना और इस प्रकार नियुक्त कर्मचारियों के लिये आचरण एवं व्यवहार नियमावली तैयार करना।



Principal
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

Manager
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

भारतीय गैर न्यायिक

पचास रुपये रु.50

भारत

FIFTY RUPEES Rs.50

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BM 728327

9. ट्रस्ट के उद्देश्य की पूर्ति के लिये तथा ट्रस्ट द्वारा संचालित संस्थाओं के हित में व्यक्तियों, संस्थाओं, अर्द्ध-सरकारी, गैर सरकारी, विभागों से दान, उपहार, अनुदान व अन्य श्रोतों से धन व सम्पत्तियों को प्राप्त करना तथा उसे ट्रस्ट के उद्देश्य की पूर्ति के लिये खर्च करना।

10. ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति के लिये आवश्यकता होने पर ट्रस्ट विलेख में तीनों मुख्य ट्रस्टीगण के आम सहमति से तथा ट्रस्ट मण्डल द्वारा संकल्पित अन्य समस्त कार्यो को करना।

6. ट्रस्ट की प्रबन्ध व्यवस्था

(क) ट्रस्ट का गठन एवं संचालन:-

ट्रस्ट का गठन एवं संचालन निम्नलिखित रूप से किया जायेगा:-

1. ट्रस्ट के संस्थापक मुख्य ट्रस्टीगण को अपने जीवनकाल में अगले मुख्य ट्रस्टी को नामित करने का अधिकार होगा। यदि किन्ही परिस्थितियों में मुख्य ट्रस्टीगण में से किसी के द्वारा अपने उत्तराधिकारी की नियुक्ति किये जाने के पूर्व मृत्यु हो जाय तो उसके स्थान पर उसका बड़ा पुत्र, पुत्र ना होने पर पति या पत्नी जैसी स्थिति हो और इसके भी ना होने पर बड़ी पुत्री और इन किन्ही के ना होने पर सबसे नजदीक का उत्तराधिकारी मुख्य ट्रस्टी होगा। परन्तु यदि यह शारीरिक या मानसिक रूप से अयोग्य हो तो क्रमानुसार ही मुख्य ट्रस्टी होगा।

शोभा चौधरी

Principal
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)



Manager
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

भारतीय गैर न्यायिक

पचास रुपये रु.50 | भारत | सत्यमेव जयते | INDIA | FIFTY RUPEES Rs.50

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BM 728328

2. मुख्य ट्रस्टीगण में से किसी मुख्य ट्रस्टी की अनुपस्थिति, बीमारी या कार्य करने की अक्षमता की अवस्था में उनके द्वारा निर्धारित ट्रस्टी मुख्य ट्रस्टी के रूप में कार्य करने के लिये अधिकृत होगा।
3. ट्रस्ट मण्डल के किसी भी न्यासी अथवा मुख्य न्यासी के त्याग–पत्र देने अथवा मृत्यु होने पर उनका स्थान रिक्त हो जायेगा। ट्रस्ट मण्डल में इस प्रकार की कोई रिक्ति होने पर ट्रस्ट मण्डल के पदाधिकारियों के अगले निर्वाचन के पूर्व उसकी पूर्ति सम्बन्धित ट्रस्टी के विधिक उत्तराधिकारियों में से की जायेगी, यदि किसी ट्रस्टी के एक से अधिक उत्तराधिकारी है तो उनमें से योग्य एवं ट्रस्ट के प्रति हितैषी भाव रखने वाले पदाधिकारी को ट्रस्ट में सम्मिलित किये जाने का निर्णय ट्रस्ट मण्डल द्वारा बहुमत से किया जायेगा।
4. ट्रस्ट मण्डल के किसी सदस्य को उसके द्वारा ट्रस्ट के उद्देश्य के विपरीत कार्य करने अथवा ट्रस्ट के हितों के विपरीत आचरण करने की दशा में ट्रस्ट मण्डल द्वारा उन्हे सामान्य बहुमत से ट्रस्ट से पृथक कर दिया जायेगा और उनके स्थान पर किसी अन्य सुयोग्य एवं हितैषी व्यक्ति को ट्रस्ट मण्डल के ट्रस्टी के रूप में संयोजित कर लिया जायेगा। यदि कोई ट्रस्टी उक्त प्रकार से ट्रस्ट से पृथक नहीं किया जाता है तो उसे ट्रस्ट मण्डल के सदस्य के रूप में आजीवन कार्य करने का अधिकार प्राप्त होगा।

शोभा चौधरी



Principal
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

Manager
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रुपये रु.50

FIFTY RUPEES Rs.50

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BM 728329

(ख) ट्रस्ट की बैठक एवं वार्षिक अधिवेशनः–

1. ट्रस्ट मण्डल की वर्ष में एक बार वार्षिक बैठक आवश्यक होगी। उक्त वार्षिक बैठक में ट्रस्ट के अधीन संचालित सभी संस्थाओं/समितियों के प्रबन्धक/सचिव तथा अन्य पदाधिकारीगण भी भाग लेगें। वार्षिक बैठक की सूचना उक्त सभी व्यक्तियों को 7 दिन पूर्व मुख्य ट्रस्टी सचिव द्वारा दी जायेगी और उपरोक्त सभी व्यक्तियों का वार्षिक बैठक में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। वार्षिक बैठक से अनुपस्थित व बैठक में भाग न लेने वाले सदस्यों की यह अयोग्यता समझी जायेगी। कोई भी व्यक्ति मुख्य ट्रस्टी की पूर्व अनुमति से ही वार्षिक बैठक से अनुपस्थित हो सकता है।
2. वार्षिक बैठक में ट्रस्ट के साल भर के क्रिया–कलापों और आय–व्यय पर विचार कर ट्रस्ट का बजट निर्धारित किया जायेगा। विचारोपरान्त से पारित नियम एवं निर्णय पर ट्रस्ट मण्डल का फैसला अन्तिम होगा।

7. अध्यक्ष के अधिकार एवं कर्त्तव्यः–

1. ट्रस्ट के वार्षिक बैठक की अध्यक्षता करना।
2. ट्रस्ट मण्डल के समक्ष प्रस्तुत किसी भी प्रताव पर पक्ष एवं विपक्ष में समान मत होने की स्थित में अपना एक अतिरिक्त निर्णायक मत देना।
3. ट्रस्ट मण्डल की ओर से इसके समस्त पदाधिकारियों में कार्यो का विभाजन करना और समय–समय पर आवश्यकतानुसार दायित्वों को सौपना तथा मुख्य ट्रस्टी

शोभा चौधरी



Principal
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

Manager
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रुपये रू.50

FIFTY RUPEES Rs.50

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BM 728330

सचिव/प्रबन्धक व अन्य पदाधिकारियों के सहयोग से सरकारी, गैर सरकारी, विभागों तथा संस्थाओं से सहयोग व सहायता प्राप्त करना।

4. ट्रस्ट मण्डल की बैठकों को आयोजित करने के लिए अपनी सहमति प्रदान करना तथा बैठकों की तिथि को अनुमोदित, स्थगित व निरस्त करना।
5. ट्रस्ट से सम्बन्धित प्रत्येक प्रकार की धनराशि को प्राप्त करना।
6. ट्रस्ट के खाते का संचालन सचिव/प्रबन्धक व कोषाध्यक्ष के साथ संयुक्त रूप से करना।

8. सचिव/प्रबन्धक के अधिकर एवं कर्तव्यः–

1. ट्रस्ट द्वारा संचालित संस्थाओं एवं समितियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबन्धक के रूप में कार्य करना।
2. ट्रस्ट की समस्त कार्यवाही लिखना व अन्य अभिलेखें को तैयार करना/कराना।
3. ट्रस्ट मण्डल की बैठक को अध्यक्ष की सहमति से आमंत्रित करना तथा उसकी सूचना ट्रस्ट मण्डल के सदस्यों को देना।
4. ट्रस्ट की चल व अचल सम्पत्ति की सुरक्षा करना।
5. ट्रस्ट द्वारा तथा ट्रस्ट के विरूद्ध की जाने वाली विधिक कार्यवाहियों में ट्रस्ट की ओर से पैरवी करना तथा इस कार्य के लिए ट्रस्ट मण्डल की सहमति से अधिवक्ता नियुक्ति करना तथा वाद, वादोत्तर, अपील निगरानी करना साक्ष्य देना।

शोभा चौधरी



Principal
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

Manager
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रुपये रु.50

FIFTY RUPEES Rs.50

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH BM 728331

6. इस ट्रस्ट विलेख द्वारा प्राप्त अन्य अधिकारों का प्रयोग करना तथा शेष ट्रस्टियों के सहयोग से ट्रस्ट के हित में अन्य समस्त कार्यो को करना।

9. कोषाध्यक्ष के अधिकार एवं कर्तव्यः–

1. ट्रस्ट के धन को ट्रस्ट के नाम खोले गये खाते में जमा करना तथा आय–व्यय का लेखा–जोखा तैयार करना।
2. ट्रस्ट के खाते का संचालन अध्यक्ष एवं सचिव/प्रबन्धक के साथ संयुक्त रूप से करना।
3. ट्रस्ट के वित सम्बन्धी लेखों का सुचारू रूप से रख–रखाव करना।
4. ट्रस्ट के आय–व्यय का लेखा व रिर्पोट तैयार करना तथा ट्रस्ट मण्डल द्वारा अधिकृत लेखा परीक्षक से ट्रस्ट के आय–व्यय का लेखा परीक्षण कराना और उसकी रिपोर्ट ट्रस्टमण्डल के समक्ष रखना।

10. ट्रस्ट के कोष की व्यवस्था

ट्रस्ट के कोष के सुचारू रख–रखाव एवं उसकी व्यवस्था हेतु किसी राष्ट्रीयकृत/मान्यता प्राप्त अधिसूचित बैंक में ट्रस्ट के नाम खाता खोला जायेगा। जिसमें ट्रस्ट को प्राप्त होने वाली समस्त प्रकार की धनराशियां एवं ऋण राशियां निहित होगी। ट्रस्ट का खाता तीनों मुख्य ट्रस्टीगण के हस्ताक्षर से खोला जायेगा, जिसका संचालन मुख्य ट्रस्टी प्रथमपक्ष



Principal
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

Manager
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

भारतीय गैर न्यायिक

पचास रुपये रु.50 | FIFTY RUPEES Rs.50

भारत · सत्यमेव जयते · INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BM 728332

द्वितीयपक्ष, व तृतीयपक्ष में से किन्ही दो के द्वारा संयुक्त रूप से स्वयं अथवा अपने स्थान पर किसी अन्य ट्रस्ट मण्डल द्वारा पारित प्रस्ताव के अधीन किया जायेगा।

11. ट्रस्ट के अभिलेखः–

ट्रस्ट के अभिलेख को तैयार करने/कराने व रख रखाव का दायित्व तीनों मुख्य ट्रस्टी का संयुक्त रूप से होगा। प्रमुख रूप से ट्रस्ट के लिये सूचना रजिस्टर, कार्यवाही रजिस्टर, सम्पत्ति रजिस्टर व लेखा रजिस्टर रखा जायेगा।

12. ट्रस्ट के सम्पत्ति की व्यवस्थाः–

ट्रस्ट के सम्पत्ति की व्यवस्था निम्नलिखित रूप में की जायेगीः–

1. यह कि ट्रस्ट मण्डल द्वारा ट्रस्ट के उद्देश्य की प्राप्ति हेतु व्यक्तियों, वित्तीय संस्थाओं व बैंकों से दान, सहायता या ऋण इत्यादि लिया जा सकेगा और किसी भी उचित व वैधानिक माध्यम से ट्रस्ट की आय बढ़ाया जा सकेगा। इस सम्बन्ध में ट्रस्ट की ओर से दस्तावेज निष्पादित करने के लिये मुख्य ट्रस्टी प्रथमपक्ष, द्वितीयपक्ष व तृतीयपक्ष संयुक्त रूप से अधिकृत होगें।
2. यह कि मुख्य ट्रस्टीगण ट्रस्ट की तरफ से स्थापित संस्थाओं एवं समितियों को संचालित करने के लिये भूमि एवं भवन क्रय कर सकेगें या किसी चल या अचल सम्पत्तियों के अधिग्रहण के लिये आवश्यक कार्यवाही कर सकेगें। ट्रस्ट मण्डल ट्रस्ट की सम्पत्ति या सम्पत्तियों को नियमानुसार विधिक अनुमति प्राप्त कर किराये पर दे

शोभा चौधरी



Principal
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

Manager
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रुपये

FIFTY RUPEES

रु.50

Rs.50

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BM 728333

सकेगा या बेच सकेगा और ट्रस्ट के उद्देश्य की पूर्ति के लिए कोई भवन या भूमि पट्टे (Lease) पर ले सकेगा।

3. यह कि ट्रस्ट की सम्पत्ति को क्षति पहुंचाने या दुरूपयोग करने वाले को दण्डित करने, कराने का अधिकार ट्रस्ट मण्डल को प्राप्त होगा। ट्रस्ट व उसके अधीन संस्थाओं एवं समितियों के पदाधिकारियों व कर्मचारियों के विरूद्ध मुख्य ट्रस्टी में से प्रथम पक्ष, द्वितीयपक्ष, व तृतीय पक्ष द्वारा की गयी कार्यवाही की अपील ट्रस्ट मण्डल द्वारा सुनी जायेगी।

4. ट्रस्ट द्वारा या ट्रस्ट के विरूद्ध किसी भी वैधानिक कार्यवाही का संचालन ट्रस्ट के नाम से किया जायेगा जिसकी पैरवी ट्रस्ट की ओर से मुख्य ट्रस्टी प्रथमपक्ष अथवा द्वितीयपक्ष द्वारा की जायेगी।

5. ट्रस्ट के अधीन स्थापित संस्थाओं एवं गठित समितियों के पदाधिकारियों की नियुक्ति तथा उनके सेवा शर्तो एवं सेवा पुस्तिका का विवरण भी ट्रस्ट मण्डल के अधीन होगा। ट्रस्ट मण्डल बहुमत से स्वयं उन कार्यो को करेगा अथवा किसी व्यक्ति या व्यक्तियों को इस हेतु नियुक्ति करेगा। इसके अतिरिक्त ट्रस्ट मण्डल अपने सम्पत्ति के प्रबन्ध एवं प्रतिदिन के कार्य हेतु वैतनिक कर्मचारियों की भी नियुक्ति करेगा।

6. ट्रस्ट मण्डल ट्रस्ट के लिये वह सभी कार्य करेगा जो ट्रस्ट के हितों के लिये आवश्यक हो तथा ट्रस्ट के उद्देश्य की पूर्ति में सहायक होगें।

शोभा चौधरी



Principal
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

Manager
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रुपये रु.50

FIFTY RUPEES Rs.50

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BM 728334

7. ट्रस्ट की प्रत्येक प्रकार की सम्पत्ति ट्रस्ट के उद्देश्य की प्राप्ति एवं पूर्ति के लिये ही प्रयोग की जायेगी तथा भविष्य में ट्रस्ट द्वारा जो भी सम्पत्ति अर्जित की जायेगी। उसके बावत भी यह शर्ते लागू होगी।

13. ट्रस्ट द्वारा केन्द्रीय शिक्षा बोर्ड व सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ सेकेण्ड्री एजूकेशन नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त कर विद्यालय के संचालन के सम्बन्ध में शासन के निम्नांकित प्रतिबन्ध स्वीकार होगें–

a. ट्रस्ट विद्यालय की प्रबन्ध समिति में शिक्षा निदेशक द्वारा नामित एक सदस्य होगा।

b. विद्यालय में कम से कम 10 प्रतिशत स्थान अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के मेधावी छात्रों के लिये सुरक्षित रहेगें और उनसे उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद/बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक नहीं लिया जायेगा।

c. संस्था द्वारा राज्य सरकार से कोई अनुदान की मांग नहीं की जायेगी और यदि पूर्व में विद्यालय माध्यमिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त है तथा विद्यालय काउन्सिल फार दि इण्डिया स्कूल सर्टिफिकेट एक्जामिनेशन नई दिल्ली से प्राप्त होती है तो उक्त परीक्षा परिषद से सम्बद्धता प्राप्त होने की तिथि से परिषद से मान्यता/राज्य सरकार से अनुदान स्वतः समाप्त हो जायेगी।

शोभा चौधरी अश्वनी कुमार चौधरी



Principal
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

Manager
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

भारतीय गैर न्यायिक
भारत
पचास रुपये रु.50
FIFTY RUPEES Rs.50
सत्यमेव जयते
INDIA
INDIA NON JUDICIAL
उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH
BM 728335

d. संस्था के शिक्षण तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को राजकीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारियों को अनुमन्य वेतनमान तथा अन्य भत्तों से कम वेतनमान तथा अन्य भत्ते नहीं दिये जायेगें।

e. कर्मचारियों की सेवा शर्ते बनाई जायेगी और उन्हे सहायता प्राप्त अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को अनुमन्य सेवानिवृत्ति लाभ उपलब्ध कराये जायेगी।

f. राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जो भी आदेश निर्गत किये जायेगें संस्था उनका पालन करेंगी।

g. विद्यालय का रिकार्ड निर्धारित प्रपत्र/पंजिकाओं में रखा जायेगा।

h. उक्त शर्तो में शासन के पूर्वानुमति के बिना कोई परिवर्तन/परिवर्धन/संशोधन नहीं किये जायेगा।

## घोषणा

भानमती देवी ग्लोबल एजूकेशनल ट्रस्ट की तरफ से हम श्याम लाल चौधरी, शोभा चौधरी एवं अद्या प्रसाद चौधरी मुख्य ट्रस्टी के रूप में यह घोषित करते है कि उपरोक्त न्यास पत्र लिखवाकर, पढ़ व समझ कर स्वस्थ मन व चित्त से बिना किसी बाहरी दबाव के सोच–समझकर इस न्यास पत्र को निबन्धन हेतु प्रस्तुत किया है, जिससे कि इस ट्रस्ट का विधिवत गठन हो सके। यह भी घोषित करते है कि ट्रस्ट

शोभा चौधरी



Principal
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

Manager
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रुपये रु.50

FIFTY RUPEES Rs.50

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BM 723783

के स्थापना के समय इस ट्रस्ट विलेख में उल्लिखित 25000.00रूपये की धनराशि के अतिरिक्त कोई अन्य चल– अचल सम्पत्ति ट्रस्ट के पास नहीं है।

हस्ताक्षर साक्षीगण

1–

2–

दिनांक–

हस्ताक्षर मुख्य ट्रस्टीगण

1–

2– शोभा चौधरी

3–

प्रारूपकर्ता

प्रमात्मा प्रसाद चौधरी

"एडवोकेट"

सिविलबार एसोसियेशन

बस्ती (उ0प्र0) 2272001

मो0नं0–9935117168,

9455701548

दि0 28-3-018



Principal
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)

Manager
Bhanmati Devi Global Academy
Aksara, Baili, Basti (U.P.)